राज्यपाल सचिवालय
राज भवन , जयपुर

राज्यपाल से आर.पी.एस.सी. सदस्य श्री राठी की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 6 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. जसवंत राठी ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र को श्री राठी ने इस अवसर पर अपनी लिखी पुस्तक 'मेरा युद्ध कैंसर विरुद्ध' की प्रति भी भेंट की। इसमें उन्होंने कैंसर से अपनी लड़ाई के अनुभव पाठकों से साझा किए हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य श्री राठी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

———